आपका एसबीआई

भारतीय स्टेट बैंक 200 वर्षों से अधिक की गौरवशाली परंपरा के साथ एक भारतीय बहुराष्ट्रीय, सार्वजनिक क्षेत्र का बैंकिंग और वित्तीय सेवा संगठन है। आम आदमी का हित भारतीय स्टेट बैंक के कारोबार का केंद्र बिंदु रहा है। बैंक के पास विशिष्ट उत्पादों और सेवाओं का एक मजबूत पोर्टफोलियो है और वह व्यक्तिगत और ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ उनके वितरण और प्रबंधन के लिए आधुनिकतम प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है।

मुंबई स्थित मुख्यालय के साथ भारतीय स्टेट बैंक व्यक्तिगत ग्राहकों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, बड़े कॉरपोरेटों, सार्वजनिक निकायों और संस्थागत ग्राहकों को बैंक की देश-विदेश में फैली हजारों शाखाओं, ग्राहक सेवा केंद्र, संयुक्त उद्यम और अनुषंगियों तथा सहयोगी कंपनियों के माध्यम से सेवा प्रदान करता है।

बैंक, परिवर्तनों को अंगीकार करने में सबसे आगे रहा है। इस प्रक्रिया में सेवा, पारदर्शिता, सदाचार, शिष्टता तथा निरंतरता के उसके मूल्यों ने सदैव इसका मार्ग प्रशस्त किया है।



हमारी सेवाएँ

वैयक्तिक बैंकिंग

एसबीआई विभिन्न प्रकार के ऋण उत्पादों, वेतन पैकेजों, डिजिटल ऋणों, एनआरआई व्यवसाय और वेल्थ मैनेजमेंट सेवाओं के माध्यम से परिपूर्ण वैयक्तिक बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करता है।

45.12 लाख/एसबीआई के आवास ऋण ग्राहक

ग्रामीण बैंकिंग

एसबीआई वित्तीय समावेशन सूक्ष्म ऋणों, कृषि व्यवसाय के उत्पादों के माध्यम से भारत के ग्रामीण नागरिकों की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

1.42 करोड़/ एसबीआई के कृषक ग्राहक

अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग समूह

एसबीआई भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बीच अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग का अग्रणी है। आईबीजी व्यवसाय समूह विभिन्न क्षेत्रों में अपने विशेष संप्रभागों के माध्यम से उद्योग परिदृश्य को बदलने में निरंतर योगदान देता है।

227 कार्यालय/ सभी समय क्षेत्रों में उपस्थिति

एसएमई बैंकिंग

एसबीआई एसएमई वित्तपोषण में बाजार का नेतृत्व करता है। हम उच्च गुणवत्ता वाली ग्राहक सेवाएँ सुनिश्चित करते हुए अपने एसएमई ग्राहकों को सरल और अभिनव वित्तीय समाधान प्रदान करते हैं।

₹3.06 लाख करोड़/ कुल एसएमई ऋण राशि

कॉरपोरेट बैंकिंग

भारतीय स्टेट बैंक में, कॉरपोरेट लेखा समूह की प्रत्येक शाखा में सभी सेवाएँ उपलब्ध हैं, जो विशेष रूप से देश के प्रमुख शीर्ष कॉरपोरेटों और नवरत्न पीएसयू को विभिन्न प्रकार के वित्तीय उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करती है।

₹8.71 लाख करोड़/ कुल कॉरपोरेट ऋण की राशि

सरकारी बैंकिंग

एसबीआई सरकारी व्यवसाय में बाजार में सबसे आगे है। यह भारत सरकार द्वारा की गई ई-गवर्नेंस पहलों में महत्वपूर्ण योगदान देता है और केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के लिए ई-समाधान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

₹55.18 लाख करोड़/ सरकारी व्यवसाय की कुल राशि